# एंटीबायोटिक पर पीएम की सख्त नसीहत

## शिप्रा से मन की बात — सीएम ने सुना 129वां एपिसोड, शिक्षा-संस्कृति और स्वास्थ्य पर दिया जोर

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 28 दिसंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 129वें संस्करण से संबंधित कार्यक्रम रविवार को इंदौर जिले के शिप्रा में हुआ. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शासकीय स्वास्थ्य केंद्र शिप्रा में कार्यक्रम को सुना.**



इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे. कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने देशवासियों से बिना चिकित्सकीय परामर्श के एंटीबायोटिक दवाइयों का सेवन न करने की अपील करते हुए इसे स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बताया. मन की बात में प्रधानमंत्री ने वर्ष 2025 की प्रमुख उपलब्धियों का जिक्र किया. उन्होंने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की सफल वापसी, भारत के ऑपरेशन सिंदूर, पुरुष और महिला क्रिकेट टीम की खिताबी जीत के साथ ही दिव्यांग महिला क्रिकेट टीम के चैंपियन बनने को देश के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धियां बताया. प्रधानमंत्री ने कहा कि 26 जनवरी को देश अपना 77वां गणतंत्र दिवस मनाएगा और भारत अपनी विरासत और मूल्यों के साथ आगे बढ़ रहा है. मन की बात के बाद मुख्यमंत्री ने उसी स्थल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जबलपुर में मराठी स्कूल स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया.

### मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र का गहरा रिश्ता

डॉ मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र का रिश्ता केवल भौगोलिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रूप से भी गहरा है. इस दौरान उन्होने छत्रपति शिवाजी महाराज के काल से लेकर पेशवाओं, शिंदे, गायकवाड़ और होलकर शासन तक दोनों क्षेत्रों का साझा इतिहास रहा है. मुख्यमंत्री ने 1926 में स्थापित महाराष्ट्र शिक्षण मंडल संस्था की भूमिका को याद करते हुए कहा कि इस संस्था ने पीढ़ियों के निर्माण में अहम योगदान दिया है और आज यह शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रही है. उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में भी शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नवाचार किए जा रहे हैं. सांदीपनी विद्यालय और पीएम राइज स्कूलों से सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं. प्रदेश में 50 से अधिक विश्वविद्यालय संचालित हो रहे हैं.

## ढाना हिलगन वन परिक्षेत्र से बाघ का शव बरामद

**सागर, 28 दिसंबर. मध्य प्रदेश के सागर जिले के दक्षिण वन मंडल अंतर्गत ढाना हिलगन मार्ग पर मुंडी टौरिया से बाघ का शव बरामद किया गया है. सूचना पर वन विभाग के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए है.**



वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर में सूचना मिली कि ग्राम हिलगन मे मुंडी टौरिया पर शेर का शव पडा है. मौके पर पहुंच वन अधिकारियो ने बाघ के शव की पुष्टि करते हुए बताया कि संदेहास्पद परिस्थितियों मे बाघ की मौत समझ मे आ रही है. इसकी आयु 5-6 वर्ष के बीच है जिसके शरीर के सभी अंग सुरक्षित दिख रहे है. जिससे शिकार जैसी कोई घटना नही प्रतीत होती है. शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है. इसके बाद ही मौत का कारण सामने आ सकेगा . वन विभाग द्वारा रातापानी और रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व सागर से संपर्क किया जा रहा है.

### एक नजर में

#### दस साल के बालक की गोली लगने से मौत

**मुरैना.** जिले के पोरसा कस्बे में खेल खेल में चौदह वर्षीय बालक से गोली चल गयी और दस वर्षीय बालक ऋषभ की मौत हो गयी. चौदह वर्षीय बालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है. आरोपी नाबालिग के पिता गार्ड हैं और घर पर उनकी लोडेड रायफल रखी थी. इसे उनके बेटे ने खेलने के लिए उठा लिया व ट्रिगर दबने से यह घटना हो गयी. मृत बालक परिजनों के साथ आरोपी के घर पर किराए से रहता था. पुलिस ने मामला जांच में ले लिया है. प्रारंभिक तौर पर यह मामला हादसा ही प्रतीत हो रहा है.



#### नगरीय निकाय एवं पंचायत उप निर्वाचन की तैयारियां पूर्ण

**भोपाल.** राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि नगरीय निकाय एवं पंचायत उप निर्वाचन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उप निर्वाचन के लिए मतदान 29 दिसंबर को कराया जाएगा. राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव दीपक सिंह ने जानकारी दी कि नगरीय निकायों में मतदान 29 दिसंबर को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा. इन चुनावों की मतगणना और परिणामों की घोषणा 31 दिसंबर को सुबह 9 बजे से की जाएगी. पंचायत उप निर्वाचन के अंतर्गत मतदान 29 दिसंबर को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा. पंच पद के लिए मतगणना मतदान समाप्त होते ही संबंधित मतदान केंद्र पर की जाएगी.



## पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का असर मध्यप्रदेश में

### 30 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे

**भोपाल, 28 दिसंबर. उत्तर भारत और हिमालयी राज्यों में हो रही लगातार बर्फबारी का सीधा असर अब मध्यप्रदेश के मौसम पर दिखाई देने लगा है. प्रदेश में ठंड ने तीखा रुख अख्तियार कर लिया है.**

खासतौर पर मालवा-निमाड़ अंचल सबसे अधिक ठिठुरता नजर आ रहा है. प्रदेश का सबसे ठंडा जिला मंदसौर रहा, जहां न्यूनतम तापमान 2.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. वहीं शाजापुर के गिरवर क्षेत्र में पारा 3.1 डिग्री तक लुढ़क गया. राजधानी भोपाल, इंदौर समेत प्रदेश के 5 जिलों में शीतलहर (कोल्ड वेव) का अलर्ट जारी किया गया है. बीती रात प्रदेश के करीब 30 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया, जिससे रातें बेहद सर्द रहीं और आम जनजीवन प्रभावित हुआ. कई इलाकों में घना से मध्यम कोहरा भी देखने को मिला. मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक ट्रफ के रूप में माध्य समुद्र तल से लगभग 5.8 किलोमीटर की ऊंचाई पर सक्रिय है.

इसके साथ ही पूर्वोत्तर भारत के ऊपर माध्य समुद्र तल से 12.6 किलोमीटर की ऊंचाई पर लगभग 213 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवाएं बह रही हैं.

> पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा. भोपाल, राजगढ़, सीहोर, शाजापुर, रीवा, शहडोल, मंदसौर और पचमढ़ी जिलों में शीतलहर का प्रभाव दर्ज किया गया. अधिकतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं देखा गया, हालांकि उज्जैन, रीवा और शहडोल संभागों में यह सामान्य से 1.6 से 2.3 डिग्री सेल्सियस तक कम रहा. न्यूनतम तापमान भोपाल और उज्जैन संभागों में सामान्य से 3.1 से 4.4 डिग्री सेल्सियस तक काफी कम दर्ज किया गया.

## नववर्ष : एमपी पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था

### नियम उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई

#### प्रदेश में सघन जांच और गश्त बढ़ाई जाए

**भोपाल, 28 दिसंबर. नववर्ष 2026 के अवसर पर प्रदेश में कानून-व्यवस्था, जनसुरक्षा और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए मध्यप्रदेश पुलिस ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं.**



पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने समस्त जिला पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि 28 दिसंबर की शाम से 1 जनवरी की रात तक पूरे प्रदेश में सघन जांच और गश्त बढ़ाई जाए. डीजीपी ने कहा कि पिछले वर्ष पुलिस अधिकारियों और मैदानी बल की सक्रियता से असामाजिक और उपद्रवी तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण रहा था. इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात रहेगी. उन्होंने सभी रैंक के फील्ड अधिकारियों को स्वयं सड़कों पर उतरकर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी और नेतृत्व करने के निर्देश दिए हैं. प्रमुख चौराहों, संवेदनशील इलाकों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा. शराब पीकर वाहन चलाने, तेज रफ्तार, छेड़खानी और महिलाओं के साथ अभद्रता के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी.

> नियम तोड़ने वालों पर सख्त और त्वरित कार्रवाई की जाएगी. पहलगाम घटना और ऑपरेशन 'सिंदूर' के मद्देनजर मॉल, बाजार, होटल, रिसॉर्ट, पिकनिक स्पॉट, नदी, बांध, झील और मंदिरों जैसे स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी. सूचीबद्ध गुंडा-बदमाशों और अशांति फैलाने वाले तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति को पहले ही नियंत्रित किया जा सके. डीजीपी ने वीवीआईपी और वीआईपी सुरक्षा सहित सभी मोर्चों पर सतर्कता बनाए रखने तथा किसी भी महत्वपूर्ण घटना की तत्काल जानकारी पुलिस मुख्यालय को देने के निर्देश दिए हैं. मध्यप्रदेश पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि नववर्ष सुरक्षित, शांतिपूर्ण और जिम्मेदारी के साथ मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत डायल-112 या नजदीकी थाने को दें.

## गैंग की गुंडई : युवक को निर्वस्त्र कर पीटा

**जबलपुर.** बदमाशों ने गुंडई दिखाते हुए एक युवक को निर्वस्त्र कर उसकी बेरहमी से पिटाई की. इसका वीडियो भी बनाया और फिर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया. वीडियो पर कमेंट्स में लिखा गया कि लाला गैंग आधार ताल, पीयूष लाला गैंग हाउसिंग बोर्ड. वायरल वीडियो में देखा जा रहा है कि एक युवक को बदमाश जूते चप्पल लातों से पीट रहे. जिस आईडी से वीडियो लीक हुआ है वे निक्की ठाकुर के नाम से बनाई गई है. बताया जाता है कि वीडियो में दिख रहे युवकों में से एक आरोपी पर अभी हाल ही में चाकू बाजी का प्रकरण दर्ज हुआ है. अधारताल टीआई का कहना है कि निक्की ठाकुर की आईडी से युवक की पिटाई का वीडियो वायरल हुआ.

## नए साल के पहले हुयी छापेमारी

**इंदौर.** नए साल की तैयारियों के बीच शहर में अवैध शराबखोरी और नाइट गड़बड़ियों पर लगाम लगाने के लिए आबकारी और पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार रविवार की दरमियानी रात अचानक छापेमारी की. कलेक्टर और पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर गाइडलाइन के तहत शहर से लेकर हाईवे तक ढाबों और होटलों की एक-एक कर तलाशी ली गई. कार्रवाई के दौरान आबकारी कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में टीम ने गिल ढाबा, भुक्कड़ ढाबा, मां भवानी ढाबा, हाईवे टच ढाबा, लालटेन ढाबा, शिकारवाड़ ढाबा, 8 पीएम ढाबा, न्यू सीटिंग जोन ढाबा और कैंडल्स ढाबा सहित कई ढाबों पर दबिश दी.

## कांग्रेस स्थापना दिवस : कार्यालय में ध्वज फहराया

**भोपाल, 28 दिसंबर.** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 141वें स्थापना दिवस के अवसर पर भोपाल स्थित इंदिरा भवन, प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में पार्टी ध्वज फहराया और कांग्रेस परिवार को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं. कार्यक्रम के दौरान वंदे मातरम् के उद्घोष के साथ वातावरण देशभक्ति और संगठनात्मक ऊर्जा से भर गया. अपने संबोधन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने कहा कि कांग्रेस स्थापना दिवस पार्टी के मूल विचारों, लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान की रक्षा और सामाजिक समरसता के संकल्प को और सशक्त करने का अवसर है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मूल भाव 'वसुधैव कुटुम्बकम' है, जो मानवता, भाईचारे, समानता और न्याय की भावना को मजबूती देता है. पटवारी ने जोर देते हुए कहा कि आज की आवश्यकता है कि कांग्रेस संगठन को घर-घर, गांव-गांव और बूथ स्तर तक मजबूत किया जाए.

### पेज एक का शेष

#### जावरा में आउटडोर-इनडोर स्टेडियम

जनप्रतिनिधियों की मांग पर मुख्यमंत्री ने जावरा में आधुनिक आउटडोर-इनडोर स्टेडियम, निराश्रित महिलाओं के लिए वन स्टॉप सेंटर, हेरिटेज भवन निर्माण और जर्जर स्कूल की मरम्मत के लिए 2-2 करोड़ रुपए देने की घोषणा की. साथ ही ग्राम शुजापुर और पिपलौदा में नवीन बालिका छात्रावास बनाने की भी घोषणा की गई. मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना से रतलाम जिले को सिंचाई का स्थायी लाभ मिलेगा. मालवा क्षेत्र में 5 हजार करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले फोरलेन हाईवे से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी और किसानों के हितों की पूरी रक्षा की जाएगी.

## पुर्वा 310 पंचायत में विकास कार्य ठप, सरपंच-सचिव पर उठे सवाल

### फंड होने के बावजूद काम नहीं, या आखिर पंचायतों में पैसा आया ही नहीं

**गंगेव 28 दिसंबर, पुर्वा 310 पंचायत में विकास कार्यों की पूरी तरह से बंद पड़ी गति अब ग्रामीणों के लिए सबसे बड़ी चिंता बन गई है। पंचायत के हालात दिन-ब-दिन बिगड़ते जा रहे हैं—नालियां जाम, सड़कों पर गड्ढों का जाल, सफाई व्यवस्था ध्वस्त और बाजार क्षेत्र का वातावरण बदहाल।**

इन अव्यवस्थाओं का सीधा आरोप ग्रामीण सरपंच और पंचायत सचिव पर लगा रहे हैं, जिन्हें वे पूरी तरह निष्क्रिय बता रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि या तो पंचायत में विकास फंड नहीं आ रहा, या फिर फंड होने के बावजूद काम जानबूझकर नहीं किए जा रहे। दोनों ही स्थितियों ने लोगों में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है।

**नाली और सड़क समस्या बनी** - कई वार्डों में नालियां पूरी तरह जाम हैं।



जगह-जगह गंदा पानी भरा है, जिससे मच्छर, दुर्गंध और बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। साथ ही मुख्य मार्ग और गली की सड़कें इतनी क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं कि लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।

**तीन साल से बाजार नीलामी अधर में—राजस्व का नुकसान**- बाजार की नीलामी तीन वर्षों से लंबित है। इससे पंचायत को बड़ा आर्थिक नुकसान हो रहा है और दुकानदारी व्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित है। ग्रामीणों का कहना है कि नीलामी न करना प्रशासनिक लापरवाही का बड़ा उदाहरण है।

**ग्रामीणों का आरोप**-सरपंच-सचिव सिर्फ बयानबाजी करते हैं शिकायतों के बावजूद न तो नालियां साफ हुईं, न सड़कें सुधरीं और न ही बाजार की समस्या पर ध्यान दिया गया।

ग्रामीणों ने कहा यदि फंड नहीं है तो बताया क्यों नहीं जा रहा, और यदि फंड है तो काम क्यों नहीं हो रहा आखिर जिम्मेदारी कौन लेगा स्थानीय लोग अब पंचायत के रूप में जल्द व्यवस्था ठीक करने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि यदि आने वाले दिनों में नालियां साफ नहीं हुईं, सड़कें नहीं सुधरीं, बाजार नीलामी पूरी नहीं हुई, सफाई व्यवस्था नहीं बनी, अब देखना यह है कि सरपंच सचिव ग्राम पंचायत में क्या विकास करते हैं ।

## साँची को ट्रेनों के ठहराव की सौगात



**भोपाल, 28 दिसंबर. यात्रियों की सुविधा और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की मांग को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्रालय ने पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल अंतर्गत विदिशा, साँची और दीवानगंज रेलवे स्टेशनों पर कई ट्रेनों का प्रायोगिक ठहराव प्रदान किया है.**

इस सुविधा का शुभारंभ केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को विदिशा रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में किया. नए ठहराव के तहत विदिशा स्टेशन पर यशवंतपुर-नई दिल्ली और नई दिल्ली-यशवंतपुर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस का, साँची स्टेशन पर चेन्नई-श्री वैष्णो देवी कटरा और कटरा-चेन्नई एक्सप्रेस का तथा दीवानगंज स्टेशन पर बिलासपुर-भोपाल और भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस का ठहराव शामिल है. ये ठहराव 29 दिसंबर से 1 जनवरी 2026 के बीच चरणबद्ध रूप से प्रभावी होंगे. शुभारंभ कार्यक्रम में विदिशा विधायक मुकेश टंडन, साँची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे तथा नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा उपस्थित रहीं.

> रेलवे प्रशासन की ओर से मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे. इन ठहरावों से क्षेत्रीय यात्रियों को आवागमन में सुविधा, समय की बचत और बेहतर रेल संपर्क मिलेगा, जिससे क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक विकास को भी गति मिलने की उम्मीद है.

## बिना अनुमति हो रहा निर्माण नगर निगम ने हटाया

**ग्वालियर.** नगर निगम ने दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 55 अवाडपुरा में एक अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चलाकर नियमों के खिलाफ किए निर्माण को ध्वस्त किया. नगर निगम के भवन अधिकारी पवन शर्मा ने बताया कि अवाडपुरा में ग्राम गुड्डी के सर्वे नंबर 281, 283 और 288 पर डॉ. बेदी और बिन्नू प्रताप द्वारा बिना वैध अनुमति कॉलोनी बनाई जा रही थी. नगर निगम से कोई स्वीकृति, लेआउट पास या अन्य अनुमति नहीं ली गई थी. अनुमति न होने के बावजूद भूखंड काटकर निर्माण किया जा रहा था. नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देश पर इस अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया गया. अमले ने निर्माण सामग्री को भी जब्त कर लिया ताकि भविष्य में कोई अवैध निर्माण न कर सके.


### नाम सुधार सूचना

मैं पुष्पा सिंह पत्नी श्री वीर बहादुर सिंह उम्र 58 वर्ष, पेशा नौकरी, निवासी मधुरी कोठार, थाना जमोड़ी, तहसील गोपदबनास, जिला-सीधी (म.प्र.) की निवासी हूं। मेरे पति वीर बहादुर सिंह जो आर्मी में नौकरी करते थे तथा वर्तमान में सेवानिवृत्त हो गये हैं। मेरे पति के विभागीय दस्तावेजों में मेरा नाम पुष्पा देवी पति वीर बहादुर सिंह अंकित है। जबकि मेरा सही नाम पुष्पा सिंह पति वीर बहादुर सिंह है तथा मेरे आधार कार्ड एवं समस्त रिकार्डों में मेरा सही नाम पुष्पा सिंह दर्ज है। अतएव मेरे पति के रिकार्ड में पुष्पा देवी के स्थान पर पुष्पा सिंह अंकित किया जाये और पढ़ा, माना जाये जो सत्य एवं सही है।

भवदीय
पुष्पा सिंह पत्नी श्री वीर बहादुर सिंह
निवासी-मधुरी कोठार, थाना
जमोड़ी, तहसील-गोपदबनास
जिला-सीधी (म.प्र.)

### न्यायालय कलेक्टर बलरामपुर-रामानुजगंज मुख्यालय बलरामपुर (छ.ग.)

// ईश्तहारी सूचना पत्र //
क्रमांक/9784/वाचक/कले./2025
बलरामपुर दिनांक-19/12/2025

**प्रति,**

**1.** केशव प्रसाद पाठक आ. व्यकटेश्वर प्रसाद पाठक निवासी वार्ड नं.-03 ग्राम चंदावल पोस्ट शाहपुर, विंध्यनगर जिला सिंगरौली (म.प्र.) **2.** सुखेन्द्र कुमार पाठक आ. केशव प्रसाद पाठक **3.** अरविन्द कुमार पाठक आ. केशव प्रसाद पाठक दोनों निवासी 9/1 फूलवारी जिला सिंगरौली (म.प्र.) एवं विंध्यनगर जिला सिंगरौली (म.प्र.) एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक/चन्द्रकेत आ. भगवान जाति कलार निवासी ग्राम कोगवार, तहसील रघुनाथनगर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज **(छ.ग.)** के द्वारा ग्राम कोगवार, प.ह.नं.-01 तहसील रघुनाथनगर स्थित भूमि ख.नं. 67 रकबा 0.64 हे. **(अत्र पश्चात वादभूमि)** का अवैध एवं फर्जी पट्टा के आधार पर प्राप्त भूमि को छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-165 (7-ख) के उल्लंघन में वादभूमि का अवैध पट्टा निरस्त करने एवं उक्त अवैध पट्टा के आधार पर आपके पक्ष में निष्पादित विक्रय पत्र को शून्य घोषित करने हेतु आपके विरूद्ध प्रस्तुत पट्टा जाँच/पुनरीक्षण प्रकरण कलेक्टर बलरामपुर-रामानुजगंज के न्यायालय में संस्थित होकर विचाराधीन है एवं उक्त मामले की आगामी सुनवाई तिथि 31 दिसम्बर 2025 नियत है। अत: दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त मामले की सुनवाई तारीख 31 माह दिसम्बर सन् 2025 को दिन के 11:00 बजे स्थान **कलेक्ट्रेट बलरामपुर** पर होगी। अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही किया जाकर प्रकरण में अंतिम निर्णय लिया जावेगा।

**(कलेक्टर महोदय द्वारा आदेशित)**

शील

अपर कलेक्टर
बलरामपुर - रामानुजगंज

### कार्यालय, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ / स) संभाग सतना (म.प्र.)

#### निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 31 / 2025-26 सतना, दिनांक 23.12.2025
निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्र. | टेण्डर ई.डी. क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्यपूर्ण करने की समयावधि | कार्य की अनुमानित राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र की लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWDRB_470481_1 | उपसंभाग अमरपाटन अंतर्गत जिगना अरगट मार्ग लंबाई - 5.20 कि.मी., जिगना हिनौती मार्ग लंबाई - 5.00 कि.मी., सोनवर्षा से पावर हाउस मार्ग लंबाई - 1.55 कि.मी. एवं जिगना रामनगर मुख्य मार्ग से हटवा बस्ती मार्ग लंबाई - 1.05 कि.मी. कुल लंबाई - 12.80 कि.मी. में एस.टी.एम.सी. कार्य । | प्रथम | 12 माह वर्षाकाल सहित | 7451483.20 | 149029.66 | 12500.00 |
| 2 | 2025_PWDRB_470482_1 | उपसंभाग अमरपाटन अंतर्गत गोरसरी मिरगौती मार्ग लंबाई- 3.00 कि.मी., सेमरिया बाबूपुर न्यूमिरगौती मार्ग लंबाई - 2.94 कि.मी., न्यूरामनगर गंजास हरदुआ मार्ग लंबाई - 5.50 कि.मी. एवं रामनगर थाना चौराहा से बम्हनाड़ी मार्ग लंबाई 4.10 कि.मी. कुल लंबाई - 15.54 कि.मी. में एस.टी.एम.सी. कार्य । | प्रथम | 12 माह वर्षाकाल सहित | 8966829.40 | 179336.59 | 12500.00 |
| 3 | 2025_PWDRB_470483_1 | उपसंभाग अमरपाटन अंतर्गत अमरपाटन टाउन मार्ग लंबाई- 0.84 कि.मी., किरहाई रामगढ़ मार्ग के कि.मी. 13 / 10 से पमारन टोला मार्ग लंबाई - 1.70 कि.मी., जंगल चौकी मुकुन्दपुर से जगन्नाथ मंदिर मार्ग लंबाई - 1.25 कि.मी. एवं चोरखड़ी बरहा मार्ग लंबाई - 2.10 कि.मी. कुल लंबाई 5.89 कि.मी. में एस.टी.एम.सी. कार्य । | प्रथम | 12 माह वर्षाकाल सहित | 3881667.00 | 77633.34 | 12500.00 |
| 4 | 2025_PWDRB_470484_1 | उपसंभाग सतना अंतर्गत महुरच भठिया खारी तपा मार्ग लंबाई - 6.39 कि.मी., अमरपाटन रामपुर मार्ग से इटमा पहुंचमार्ग लंबाई- 2.10 कि.मी., अमरपाटन रामपुर मार्ग से रामपुर बाजार पहुंच मार्ग लंबाई - 3.00 कि.मी., कटरा रामपुर बाघेलान वार्ड नं. 11 से इटमा पहुंच मार्ग लंबाई - 1.85 कि.मी., सगौनी से जे.पी. सीमेंट प्लांट पहुंच मार्ग लंबाई - 2.30 कि.मी. एवं रामपुर टाउन मार्ग लंबाई - 2.00 कि.मी. कुल लंबाई - 17.64 कि.मी. में एस.टी.एम.सी. कार्य. | प्रथम | 12 माह वर्षाकाल सहित | 10138986.00 | 202779.72 | 12500.00 |
| 5 | 2025_PWDRB_470486_1 | उपसंभाग सतना अंतर्गत बाबूपुर नीमी बराज मार्ग लंबाई - 4.20 कि.मी., बड़ेरा पहुंच मार्ग लंबाई- 1.55 कि.मी., जेल पहुंच मार्ग लंबाई- 0.90 कि.मी., डिग्री कालेज सतना पहुंच मार्ग लंबाई- 0.40 कि.मी., बम्हौरी पहुंच मार्ग लंबाई- 0.80 कि.मी. कुल लंबाई - 7.85 कि.मी. में एस.टी.एम.सी. कार्य । | प्रथम | 12 माह वर्षाकाल सहित | 4864922.00 | 97298.44 | 12500.00 |
| 6 | 2025_PWDRB_470489_1 | उपसंभाग सतना अंतर्गत अमरपाटन रामपुर मार्ग लंबाई - 25.60 कि.मी., सज्जनपुर छिबौरा गाजन मार्ग लंबाई - 20.40 कि.मी. कुल लंबाई- 46.00 कि.मी. में एस.टी.एम.सी. कार्य । | प्रथम | 12 माह वर्षाकाल सहित | 16136973.00 | 322739.46 | 12500.00 |
| 7 | 2025_PWDRB_470491_1 | उपसंभाग सतना अंतर्गत कृपालपुर रामस्थान बाबूपुर मार्ग लंबाई - 14.44 कि.मी., माधवगढ़ से सज्जनपुर मार्ग (पुराना एन.एच.- 75 का शेष भाग) कुल लंबाई - 23.30 कि.मी. में एस.टी.एम.सी. कार्य । | प्रथम | 12 माह वर्षाकाल सहित | 9809656.00 | 196193.12 | 12500.00 |
| 8 | 2025_PWDRB_470492_1 | उपसंभाग सतना अंतर्गत कोटर अबेर सेमरिया मार्ग लंबाई- 35.00 कि.मी. में एस.टी.एम.सी. कार्य । | प्रथम | 12 माह वर्षाकाल सहित | 19674645.00 | 393492.90 | 12500.00 |
| 9 | 2025_PWDRB_470494_1 | उपसंभाग नागौद अंतर्गत जसो सुरदहा मार्ग से तिघरा भटवा मार्ग लंबाई - 3.20 कि.मी., उमरिहा सिजहटी जसो मार्ग लंबाई - 6.25 कि.मी., झिगोदर से कारीमाटी मार्ग लंबाई - 3.125 कि.मी., जोगिया पहुंच मार्ग लंबाई - 1.90 कि.मी. रीछुल (मजरा टोला) पहुंच मार्ग लंबाई - 1.10 कि.मी. कुल लंबाई - 15.575 कि.मी. में एस.टी.एम.सी. कार्य | प्रथम | 12 माह वर्षाकाल सहित | 9073301.98 | 181466.04 | 12500.00 |
| 10 | 2025_PWDRB_470495_1 | उपसंभाग नागौद अंतर्गत बधाव पहुंच मार्ग लंबाई - 1.80 कि.मी., सेमरी पहुंच मार्ग लंबाई - 1.10 कि.मी., बूढ़ी पहुंच मार्ग लंबाई -0.47 कि.मी., रेस्ट हाउस नागौद पहुंच मार्ग लंबाई- 0.20 कि.मी., उपसंभाग नागौद पहुंच मार्ग लंबाई - 0.10 कि.मी., गोपालपुर पहुंच मार्ग लंबाई - 2.10 कि.मी., भुलनी पहुंच मार्ग लंबाई - 2.20 कि.मी., सलैया कचनार मार्ग लंबाई- 5.20 कि.मी., उमरी हरिजन बस्ती मार्ग लंबाई- 1.20 कि.मी., उमरी उसरहा टोला मार्ग लंबाई- 0.80 कि.मी. कुल लंबाई - 15.17 कि.मी. में एस.टी.एम.सी. का कार्य | प्रथम | 12 माह वर्षाकाल सहित | 8985782.75 | 179715.66 | 12500.00 |
| 11 | 2025_PWDRB_470496_1 | उपसंभाग नागौद अंतर्गत सतना अटरा मार्ग लंबाई-2.80 कि.मी., उंचेहरा परसमनिया दुरेहा मार्ग के कि.मी. 15 / 2 से 19 / 10 = 5.00 कि.मी., मतरी पतौरा मार्ग से सहिजना उबारी मार्ग लंबाई - 2.80 कि.मी. एवं बाधी मुकुन्दपुर टोला मार्ग लंबाई - 1.00 कि.मी. कुल लंबाई - 11.60 कि.मी. में एस.टी.एम.सी. का कार्य | प्रथम | 12 माह वर्षाकाल सहित | 6875625.20 | 137512.50 | 12500.00 |
| 12 | 2025_PWDRB_470497_1 | उपसंभाग अमरपाटन अंतर्गत मड़वार अमिलिया मारकण्डेय मार्ग लंबाई - 13.88 कि.मी., न्यूदेवराजनगर आंतरिक मार्ग लंबाई - 10.10 कि.मी., टेगना पहुंच मार्ग लंबाई - 2.90 कि.मी., गुलवार गुजारा आंतरिक मार्ग लंबाई - 5.60 कि.मी., न्यूमिरगौती आंतरिक मार्ग लंबाई - 13.00 कि.मी. एवं इटमा कोठार मार्ग लंबाई-2.60 कि.मी. कुल लंबाई- 48.08 कि.मी. पी.बी.एम.सी कार्य । | प्रथम | 12 माह वर्षाकाल सहित | 15642192.00 | 312843.84 | 12500.00 |
| 13 | 2025_PWDRB_470499_1 | उपसंभाग सतना जैतवारा डगडीहा सोहास मार्ग लंबाई - 7.00 कि.मी., मटेहना से मांद मार्ग लंबाई- 4.16 कि.मी. कुल लंबाई - 11.16 कि.मी. के पी.बी.एम.सी. कार्य । | प्रथम | 12 माह वर्षाकाल सहित | 6637917.00 | 132758.34 | 12500.00 |
| | | योग- | | | 128139980.53 | | |

उपरोक्त वेबसाइट में ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा ऑनलाइन बिड सबमीशन की अंतिम दिनांक 10.01.2026 सायं 6.00 बजे तक निर्धारित है । ई.एम.डी. केवल आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी., एनएक्सर एच., शपथपत्र, बिड की रसीद एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाइन माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी । विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकती है । निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

G-23445/25

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ / स)
संभाग सतना (म.प्र.)